भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-193

उत्तर देने की तारीख-27/11/2024

सरकारी विद्यालयों में डिजिटल अवसंरचना

193 **श्रीमती फूलो देवी नेतमः**
श्रीमती रंजीत रंजनः

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रत्येक राज्य में सरकारी और निजी विद्यालयों की कुल संख्या पृथक रूप से कितनी-कितनी है और कितने प्रतिशत स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है;
(ख) विद्यालयों और विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल अवसंरचना में सुधार करने के लिए बजटीय परिव्यय और व्यय का ब्यौरा क्या है; और
(ग) गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग करने हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क): सरकारी और निजी स्कूलों की कुल संख्या और इंटरनेट कनेक्शन वाले स्कूलों का प्रतिशत का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ख): समग्र शिक्षा, स्कूली शिक्षा क्षेत्र के लिए प्री-स्कूल से कक्षा XII तक विस्तारित एक व्यापक कार्यक्रम है, जो ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे देश में चल रहा है। समग्र शिक्षा के तहत, स्कूलों में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने जैसी विभिन्न आईसीटी और डिजिटल पहलों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। समग्र शिक्षा के आईसीटी और डिजिटल पहल घटक में कक्षा VI से XII वाले सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूल शामिल हैं। वर्ष 2023-24 के लिए आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासरूम हेतु स्वीकृत परिव्यय और किए गए व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(रु. लाख में)

आईसीटी लैब		स्मार्ट क्लासरुम	
अनुमोदित परिव्यय	किया गया व्यय*	अनुमोदित परिव्यय	किया गया व्यय*
55904.4	78672.62	53729.71	36947.14

* व्यय में पिछले वर्ष की अनुमोदनों से प्राप्त राशि भी शामिल है

(ग): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और अधिकांश स्कूल संबंधित राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने वर्ष 2019-20 में समग्र शिक्षा की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत निष्ठा-स्कूल प्रमुखों और शिक्षकों की समग्र उन्नति के लिए राष्ट्रीय पहल नामक एक एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रारंभिक स्तर पर अधिगम परिणामों में सुधार के लिए एक राष्ट्रीय मिशन शुरू किया है। निष्ठा "एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण के माध्यम से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार" के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम है।

शिक्षकों को निरंतर सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए, अक्टूबर 2020 में दीक्षा प्लेटफॉर्म का उपयोग करके निष्ठा ऑनलाइन शुरु किया गया था। शिक्षकों को अधिगम परिणामों, योग्यता आधारित शिक्षण और परीक्षण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित शिक्षण-अधिगम में आईसीटी से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर उन्मुख किया गया।

*****

अनुलग्नक

माननीय संसद सदस्य श्रीमती फूलो देवी नेतम और श्रीमती रंजीत रंजन द्वारा "सरकारी विद्यालयों में डिजिटल अवसंरचना" के संबंध में पूछे जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 193 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सरकारी और निजी स्कूलों की कुल संख्या तथा इंटरनेट कनेक्शन वाले स्कूलों का प्रतिशत विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	सरकारी प्रबंधन			निजी प्रबंधन		
	कुल स्कूल	इंटरनेट कनेक्शन वाले स्कूल	प्रतिशत	कुल स्कूल	इंटरनेट कनेक्शन वाले स्कूल	प्रतिशत
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	342	133	38.89	72	52	72.22
आंध्र प्रदेश	45137	20313	45.00	15058	13560	90.05
अरुणाचल प्रदेश	2985	458	15.34	503	284	56.46
असम	45490	4680	10.29	5852	1945	33.24
बिहार	75558	4421	5.85	8097	3493	43.14
चंडीगढ़	123	123	100.00	76	76	100.00
छत्तीसगढ	48743	16469	33.79	7063	4066	57.57
दादर एवं नगर हवेली – दमन एवं दीव	388	194	50.00	63	61	96.83
दिल्ली	2762	2762	100.00	2610	2610	100.00
गोवा	814	299	36.73	139	121	87.05
गूजरात	34699	32681	94.18	13559	12153	89.63
हरियाणा	14562	4345	29.84	8261	7160	86.67
हिमाचल प्रदेश	15380	4175	27.15	2646	2040	77.10
जम्मू एवं कश्मीर	23173	5169	22.31	5526	3345	60.53
झारखंड	35840	12052	33.63	1559	1153	73.96
कर्नाटक	49679	5308	10.68	19650	14145	71.98
केरल	5010	4738	94.57	3164	3010	95.13
लद्दाख	838	342	40.81	112	63	56.25
लक्षद्वीप	38	37	97.37	0	0	0.00
मध्य प्रदेश	92695	16469	17.77	30345	17339	57.14
महाराष्ट्र	65639	18540	28.25	19268	16542	85.85
मणिपूर	2889	340	11.77	1010	617	61.09
मेघालय	7783	1111	14.27	2120	488	23.02
मिजोरम	2563	153	5.97	1034	114	11.03
नागालैंड	1960	850	43.37	757	532	70.28
ओडिशा	49072	3970	8.09	6104	3717	60.89
पुदुचेरी	422	422	100.00	281	271	96.44
पंजाब	19259	9013	46.80	7978	7026	88.07
राजस्थान	68948	36889	53.50	34826	26170	75.15
सिक्किम	864	231	26.74	376	195	51.86
तमिलनाइ	37636	9292	24.69	12396	9323	75.21
तेलंगाना	30023	2772	9.23	12193	6917	56.73
त्रिपूरा	4262	682	16.00	363	175	48.21
उत्तर प्रदेश	137024	12074	8.81	97808	35701	36.50
उत्तराखंड	16484	2575	15.62	5225	3245	62.11
पश्चिम बंगाल	83302	12918	15.51	9750	2565	26.31
भारत	**1022386**	**247000**	**24.16**	**335844**	**200274**	**59.63**
स्रोतः यूडीआईएसई + 2021-22						